# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
# Chaudhary Charan Singh University, Meerut

**प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक,**
**समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,**
**चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।**

पत्रांक : मुख्य परीक्षा–2019 / प्रेस
दिनांक : 27.04.2019

**विषय :** सत्र 2018–19 की मुख्य परीक्षा–2019 (संस्थागत एवं व्यक्तिगत / भूतपूर्व छात्र परीक्षा / एकल विषय / श्रेणी उन्नयन परीक्षायें) व बैक पेपर परीक्षा–2018 की परीक्षाओं (वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित) के परीक्षा कार्यक्रम की तिथि परिवर्तन के सम्बन्ध में।

**महोदय / महोदया,**

कृपया पूर्व में प्रेषित पत्रांक मुख्य परीक्षा–2019 / 647, दिनांक 05.02.2019 एवं मुख्य परीक्षा–2019 / 765, दिनांक 13.03.2019 का संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा–2019 (संस्थागत एवं व्यक्तिगत / भूतपूर्व छात्र परीक्षा / एकल विषय / श्रेणी उन्नयन परीक्षायें) व बैक पेपर परीक्षा–2018 (वार्षिक प्रणाली के अन्तर्गत संचालित) की परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि अपरिहार्य कारणवश आज **दिनांक 27.04.2019** को तृतीय पाली में आयोजित होने वाली **परीक्षा कोड A-009 (For Private Students) निरस्त की जाती है। अब यह परीक्षा परिवर्तित दिनांक 07.05.2019 को यथा पाली एवं समय में आयोजित करायी जायेंगी।**

उपरोक्त संशोधन की प्रति विश्वविद्यालय वेबसाईट **www.ccsuniversity.ac.in** पर आपको इस अनुरोध के साथ उपलब्ध कराई जा रही है कि आप उक्त संशोधन से अपने महाविद्यालय / संस्थान के समस्त सम्बन्धित परीक्षार्थियों को व्यापक स्तर पर अवगत कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :**

01. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र, मेरठ को इस अनुरोध के साथ कि कृपया उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के सभी संस्करणों में विशेष स्थान देते हुए, छात्र हित में निःशुल्क प्रकाषित कराने का कष्ट करें।
02. सचिव कुलपति को, कुलपति जी के सूचनार्थ।
03. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को, प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
04. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
05. प्रभारी–अति गोपनीय विभाग को, परीक्षा कार्यक्रम की प्रतियों सहित।
06. प्रभारी (कमैटी सैल) को परीक्षा कार्यक्रम की प्रतियों सहित।
07. कार्यालय अधीक्षक, परीक्षा विभाग को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
08. प्रभारी–मूल्यांकर्न, उत्तर पुस्तिका अनुभाग को सूचनार्थ।
09. प्रभारी–रिकार्ड, परीक्षा विभाग को परीक्षा कार्यक्रम संरक्षित रखते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
10. प्रभारी–कम्प्यूटर केन्द्र।
11. प्रभारी–विश्वविद्यालय वेबसाईट को इस अनुरोध के साथ कि कृपया सन्दर्भित परीक्षा कार्यक्रम को विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित् करें।
12. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता / पूछताछ–केन्द्र / सूचना पट।
13. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**उप कुलसचिव (परीक्षा)**